न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी : – श्री विकास पंचोली (RAS) उपखण्ड अधिकारी

प्रार्थनापत्र संख्या :– **114 / 2019**

दायर तारीख 22.05.2019

अनवान

राजस्थान सरकार मार्फत भूमिधारी जरिये तहसीलदार बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)।

............प्रार्थी

बनाम

01. जिला वन अधिकारी भीलवाड़ा।
02. क्षैत्रीय वन अधिकारी माण्डलगढ़।

.... विपक्षीगण

उपस्थित :– 01. पैरोकार

02. क्षैत्रीय वन अधिकारी माण्डलगढ़।

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

–: निर्णय :–

दिनांक 27.05.2019

प्रार्थनापत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि पैरोकार तहसीलदार बिजौलियां ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत विरूद्ध विपक्षी प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा शिकारगाह पटवार हल्का गोपालपुरा स्थित आराजी नम्बर 32, 33, 34, 35, 36, 37 किता 6 रकबा 24–00 बीघा भूमि किस्म भटवेड़ वन विभाग सामा0 वानिकी भीलवाड़ा के नाम दर्ज रेकॉर्ड हैं। उक्त आराजी वनविभाग के नाम रेकॉर्ड में अंकित भूमि नक्शा लट्ठा में तरमीम नही होने से नक्शे में तरमीम के आदेश दिलाना फरमावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी की तलबी जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र भेज करवायी गई।

विपक्षीगण क्षैत्रीय वन अधिकारी माण्डलगढ़ उपस्थित जिन्होंने प्रस्तावित DILRMP के तहत नक्शे में सहमति के तौर पर नक्शा ट्रेस में हस्ताक्षर किये हैं। प्रस्तावित ट्रेस अनुसार राजस्व नक्शे में तरमीम कराना फरमावें।

प्रकरण का DILRMP के तहत् निस्तारण किया जाना अपेक्षित हैं। अतः दर्ज भूमि के नक्शे में तरमीम किया जाना हम उचित समझते हैं। नक्शे में तरमीम करने हेतु विपक्षीगण क्षैत्रीय वन अधिकारी माण्डलगढ़ ने सहमति व्यक्त की हैं।

बहस पेरोकार सरकार की सुनी गई पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर नक्शे में आवश्यक तरमीम के आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते है।

अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता हैं कि ग्राम शिकारगाह पटवार हल्का गोपालपुरा आराजी नम्बर 32, 33, 34, 35, 36, 37 किता 6 रकबा 24–00 बीघा भूमि की तरमीम राजस्व नक्शें में प्रस्तावित ट्रेस अनुसार तरमीम की स्वीकृती प्रदान की जाती हैं। तहसीलदार प्रस्तावित ट्रेस अनुसार तरमीम करने की सुनिश्चितता करें।

आदेश आज दिनांक 03.06.2019 को लिखवाया जाकर सुनवाया गया ।

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

Scanned by CamScanner